ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ BSNL (AUAB)

No: UA/2019/106 **06.11.2019**

परिपत्र

प्रति,
सभी महासचिव,
AUAB.

प्रिय कॉमरेड,

AUAB की मीटिंग आज सम्पन्न हुई। निम्न कॉमरेड्स मीटिंग में शामिल हुए।

BSNLEU: -	Com. P. Abhimanyu, Convenor & Com. Swapan Chakraborty, Dy. GS.
NFTE: -	Com. Chandeshwar Singh, Chairman & Com. IIsllam Ahmed, President.
SNEA: -	Com. K. Sebastin, GS.
AIBSNLEA: -	Com. S. Sivakumar, GS & Com. Prahllad Rai, Chairman.
BSNL MS: -	Com. Suresh Kumar, GS.
SNATTA: -	Com. Suresh Kumar, GS.
BSNL ATM: -	Com. Rewati Prasad, AGS.
BSNL OA: -	Com. H.P.Singh, Dy.GS.

कॉम चंदेश्वर सिंह, चेयरमैन ने मीटिंग की अध्यक्षता की। कॉम पी अभिमन्यु, कन्वेनर ने सभी का स्वागत किया और एजेंडा के मुद्दों पर प्रकाश डाला। मीटिंग में लिए गए निर्णय निम्नानुसार है।

(1) मीटिंग में, कर्मचारियों को अक्टूबर 2019 के वेतन का भुगतान नही किए जाने और प्रमुख रूप से कर्मचारियों के वेतन से कटौती की गई राशि संबंधित संस्थानों को मई 2019 से प्रेषित नही किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि AUAB के लीडर्स, जो BSNL के 90% कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, कल CMD BSNL से मुलाकात कर उपरोक्त दोनों मुद्दों का शीघ्र निराकरण करने की मांग करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि CMD BSNL से मुलाकात के बावजूद दोनों मुद्दों का निराकरण न होने की स्थिति में AUAB द्वारा आंदोलनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

(2) मीटिंग में चिंता जाहिर की गई कि, BSNL मैनेजमेंट , VRS के क्रियान्वयन के अलावा, BSNL के रिवाइवल हेतु यूनियन कैबिनेट द्वारा अनुमोदित रिवाइवल पैकेज का उपयोग करने में स्पष्ट लक्ष्य के साथ कार्य नही कर रहा है। मीटिंग में यह भी मांग रखी गई कि मैनेजमेंट 4G सेवाएं शुरू करने हेतु तुरंत आवश्यक कदम उठाए और FTTH आदि सेगमेंट में उपलब्ध अवसरों (opportunities) का भी लाभ उठाए। मीटिंग में यह भी विचार व्यक्त किया गया कि BSNL मैनेजमेंट वोडाफोन के ग्राहकों को BSNL की ओर खींचने के लिए यथाशीघ्र जरूरी कदम उठाए, क्योंकि मार्किट में जबरदस्त अफवाह है कि वोडाफोन कंपनी शीघ्र ही बंद होने जा रही है। इन मुद्दों पर BSNL मैनेजमेंट को पत्र लिखने का भी निर्णय लिया गया।

(3) VRS के क्रियान्वयन पश्चात BSNL में कार्यबल (manpower) की अत्याधिक कमी होने की संभावना है, जिससे संकट पूर्ण स्थिति निर्मित होगी। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि CMD BSNL को पत्र लिख कर मांग की जाए कि BSNL मैनेजमेंट, कार्याधिकता से निपटने के लिए AUAB से चर्चा कर रणनीति तैयार करे।

(4) DoT द्वारा, पत्र क्र.9-5(5)/2019-Estt दिनांक 25th October, 2019 द्वारा पूर्व में CMD BSNL को सूचित किया गया है कि 29.12.2016 को अधिसूचित ITS Group 'A' कैडर रिव्यु के अनुसार BSNL में केवल 406 ITS ऑफिसर्स (269 SAG और 137 JAG) ही पदस्थ किए जाने हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, आज की AUAB की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि CMD BSNL को सरप्लस ITS ऑफिसर्स DoT में भेजने (repatriate) हेतु लिखा जाए।

कॉम चंदेश्वर सिंह,
चेयरमैन

कॉम पी अभिमन्यु,
कन्वेनर